**Tanla Platforms Limited**
Tanla Technology Center
Hi-tech city Road, Madhapur,
Hyderabad, India - 500081
CIN: L72200TG1995PLC021262

T: +91-40-40099999
info@tanla.com
tanla.com

Date: January 13, 2023

**To,**

| | |
|---|---|
| **BSE Limited**<br>Department of Corporate Services<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai – 400 001<br>Scrip: 532790 | **National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza, C-1, Block G<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>Mumbai – 400 051<br>Symbol: TANLA |

**Sub: Submission of post-buyback public announcement dated January 11, 2023 regarding buyback of fully paid-up equity shares of face value of INR 1/- each (the "Equity Shares") of Tanla Platforms Limited (the "Company") at a price of INR 1,200/- (Indian Rupees One Thousand Two Hundred Only) per Equity Share, payable in cash, on a proportionate basis from all the equity shareholders/ beneficial owners of Equity Shares of the Company as on record date i.e. October 25, 2022 through the tender offer process through the stock exchanges, pursuant to the provisions of the Securities and Exchange Board of India (Buy-back of Securities) Regulations, 2018, as amended and the Companies Act, 2013, as amended ("Buyback").**

Dear Sir/Ma'am,

This is in relation to the captioned subject and in furtherance to our letter dated December 9, 2022, whereby we had submitted the Letter of Offer along with Tender Forms and our letter dated January 12, 2023 whereby we had submitted a post-Buyback public announcement dated January 11, 2023 ("**Post-Buyback Public Announcement**").

As mentioned in our letter dated January 12, 2023, whereby we had submitted that Post-Buyback Public Announcement could not be published in Daily Hindi Milap due to technical problems. We would like to inform that, the Company has published the Post-Buyback Public Announcement in the following newspaper on January 13, 2023:

| Newspaper | Language | Edition |
|---|---|---|
| Daily Hindi Milap | Hindi | Hyderabad |

Please find enclosed a copy of the Post-Buyback Public Announcement published in the aforesaid newspaper.

We request you to please take the same on record.

Thanking You

For **Tanla Platforms Limited**
(Formerly known as Tanla Solutions Limited)

SESHANURADHA CHAVA
Digitally signed by SESHANURADHA CHAVA
Date: 2023.01.13 15:54:54 +05'30'

Tanla Platforms Limited ★ Hyderabad ★ (Formerly Tanla Solutions Limited)

Seshanuradha Chava
Company Secretary & Compliance Officer
A15519

**Enclosures**: As above

## जन्मदिन पार्टी में चाकू लेकर नाचने पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, 12 जनवरी (मिलाप ब्यूरो)**

पुराने शहर की कुलसुमपुरा पुलिस ने देर से प्रकाश में आई एक घटना में जन्मदिन पार्टी में दोस्तों के साथ खुली चाकू लेकर डांस करने वाले युवक के खिलाफ भारतीय हथियार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुलसुमपुरा निवासी रिजवान नामक युवक ने गत 10 जनवरी को अपने घर के प्रांगण में दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी का आयोजन किया। पार्टी में केक काटने के बाद रिजवान ने दोस्तों के साथ जोश में आकर डीजे की धुन पर खुली चाकू हाथ में लेकर डांस किया। उसके दोस्तों ने इसका वीडियो निकालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो के वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने वीडियो के आधार पर रिजवान के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# जनार्दन की तेलुगु राज्यों में संपत्तियाँ कुर्क करने की अनुमति

**हैदराबाद, 12 जनवरी (मिलाप ब्यूरो)**

कर्नाटक सरकार ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पूर्व मंत्री और खनन कारोबारी जी. जनार्दन रेड्डी, उनकी पत्नी और उनके स्वामित्व वाली कंपनियों की अतिरिक्त संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अधिकृत कर दिया। सीबीआई ने तेलंगाना और आंध्र-प्रदेश में रेड्डी, उनकी पत्नी और कंपनी के नाम पर अतिरिक्त संपत्तियों का पता लगाया था।

यह आदेश कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को 10 जनवरी को रेड्डी की संपत्तियों को कुर्क करने की सीबीआई को अनुमति देने में देरी पर जानकारी देने के लिए दो दिन का समय दिए जाने के बाद आया है।

अदालत ने सरकार से पूछा था कि उसने 19 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की अनुमति क्यों नहीं दी, जबकि उसने पहले 64 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की मंजूरी दी थी।

सरकार के आदेश में बृहस्पतिवार को सीबीआई के पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए अनुरोध का उल्लेख किया गया है, जिसमें पैरवी अधिकारी (होल्डिंग जाँच अधिकारी) को बेंगलुरू में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष रेड्डी की अधिसूचित अतिरिक्त संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक आवेदन दायर करने के वास्ते अधिकृत करने की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि पैरवी अधिकारी बेंगलुरु शहर में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष जी जनार्दन रेड्डी के साथ-साथ उनकी पत्नी और उनकी पत्नी के नाम पर अतिरिक्त संपत्तियों की कुर्की के लिए एक आवेदन दायर करने के लिए अधिकृत हैं। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा वह अन्य संपत्तियों को भी कुर्क करने के लिये आवेदन दायर करने के लिये अधिकृत है। जैसा कि 30 अगस्त, 2022 के पत्र के साथ प्रस्तुत संपत्तियों की अनुसूची में दिखाया गया है। सीबीआई ने बेल्लारी अवैध खनन मामले में मुख्य आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही को मंजूरी देने के लिए अदालत से सरकार को निर्देश देने की मांग की थी। सीबीआई का अनुरोध अगस्त 2022 से सरकार के समक्ष लंबित है।

## संपत्ति विवाद के चलते अपने ही परिवार के सदस्य की हत्या

**हैदराबाद, 12 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो)** पुराने शहर के मैलारदेवपल्ली थाना परिधि में आज देर रात संपत्ति विवाद के चलते परिजनों ने अपने ही पारिवारिक सदस्य की चाकू से हमला कर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, शमा कॉलोनी निवासी अब्दुल्ला (35) का पारिवारिक संपत्ति को लेकर परिवार के सदस्यों के साथ लम्बे समय से विवाद चल रहा था। इस मामले को लेकर अब्दुल्ला के पिता व अन्य भाइयों तथा पारिवारिक सदस्यों ने मिलकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह से घायल अब्दुल्ला को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बीच मार्ग में ही उसने दम तोड़ दिया। इस खूनी संघर्ष में अब्दुल्ला के परिवार की एक महिला व अन्य कुछ सदस्य घायल हो गये। मौके पर पहुँची पुलिस ने हत्या व मारपीट का मामला दर्ज कर छानबीन प्रारम्भ की।

# जोशीमठ में जमीन धँसने की वजहों का पता लगाएँगे हैदराबाद के वैज्ञानिक

**हैदराबाद, 12 जनवरी (मिलाप ब्यूरो)**

उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के घटनाक्रम के बीच हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिक अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के विशेषज्ञों की एक टीम सबसर्फेस फिजिकल मैपिंग के लिए प्रभावित शहर का दौरा करेगी। एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने यह जानकारी दी। एनजीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक आनंद के. पांडेय की अध्यक्षता वाली 10 सदस्यीय टीम के 13 जनवरी को जोशीमठ पहुँचने और अगले दिन से अपना काम शुरू करने की संभावना है।

पांडेय के मुताबिक, सर्वे कार्य में दो सप्ताह का समय लगने का अनुमान है, जिसके बाद टीम जमीन धंसने की वजहों का पता लगाने के लिए एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण करेगी। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों और अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग केन्द्र औली का प्रवेश द्वार कहलाने वाला जोशीमठ जमीन धंसने और इमारतों में दरार पड़ने के कारण बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। पांडेय ने कहा कि हमारे उपकरण जोशीमठ के रास्ते में हैं। 13 जनवरी को पूरी टीम वहाँ पहुँच जाएगी। 14 जनवरी से हम पूरे इलाके का सर्वे करने के लिए कम से कम दो हफ्ते तक वहाँ होंगे। पानी के जमाव और मिट्टी की संरचना को समझने के लिए हम गहन मानचित्रण की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एनजीआरआई उत्तराखंड में भूकंप, बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर पिछले चार वर्षों से कई अनुसंधान कार्य कर रहा है। संस्थान अब एक विद्युत सर्वेक्षण करने जा रहा है, जो भूकंप के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

पांडेय के मुताबिक, मिट्टी की मोटाई को मापने के लिए उनकी टीम एमएएसडब्ल्यू (मल्टी-चैनल एनालिसिस ऑफ सर्फेस वेव) प्रणाली का इस्तेमाल करेगी। एमएएसडब्ल्यू प्रणाली किसी परत की मोटाई और उसके तरंग वेग को मापने में मददगार एक गैर-विध्वंसक भूकंपीय प्रणाली है। उन्होंने बताया कि टीम भूमि की तह की स्थिति का पता लगाने वाले रडार का इस्तेमाल कर भूमि के नीचे की मिट्टी में पड़ी मामूली दरारों और कम मात्रा में पानी के जमाव का पता लगाएगी। वह इस तकनीक के अलावा भूमि मानचित्रण का भी सहारा लेगी। पांडेय ने कहा कि एनजीआरआई उत्तराखंड के सबसे बड़े वैज्ञानिक केंद्रों में से एक है और भविष्य में यह संस्थान बाढ़ के बारे में शुरुआती चेतावनी देने में भी सक्षम होगा।

# 'रामकी' पंजीकरण पर उच्च न्यायालय ने लगाई रोक

**हैदराबाद, 12 जनवरी (मिलाप ब्यूरो)**

रामकी इंटीग्रेटेड टाउनशिप द्वारा आरंभ की गई परियोजनाओं में विल्लास, प्लाट्स तथा फ्लैटों के पंजीकरण के लिए अनुमति देने की माँग करते हुए रंगारेड्डी जिला माहेश्वरम मंडल के सब-रजिस्ट्रार को इससे पूर्व एकल न्यायाधीश को अदालत द्वारा आदेश देने पर दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने पंजीकरण पर रोक लगा दी।

2008 में रामकी संस्था एचएमडीए के साथ मिलकर तीन चरणों में 750 एकड़ क्षेत्र में टाउनशिप का विकास करने के लिए करार किया। प्रथम चरण के अंतर्गत 400 एकड़ में से 375 एकड़ भूमि के पट्टे निजी व्यक्तियों के नाम पर है। इसके लिए सरकार ने भू अधिग्रहण अधिसूचना जारी की। लेकिन इस भूमि का विकास करने के लिए रामकी तथा एचएमडीए के बीच करार होने के बाद अधिसूचना वापस ले ली गई।

करार के अंतर्गत रामकी संस्था ने 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए अग्रसर हुई। इसके अंतर्गत पहले 25 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। उसके द्वारा और 75 करोड़ रुपये का भुगतान करना बाकी है। पहले 100 एकड़ क्षेत्र में निर्मित विल्लास तथा प्लाटों को बेचने का प्रयास रामकी ने किया। करार के नियमों का पालन नहीं करने के कारण एचएमडीए ने इन पंजीकरणों को रोक दिया। तब एचएमडीए के निर्णय को चुनौती देते हुए रामकी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की । इसकी सुनवाई करने के बाद एकल न्यायाधीश की अदालत ने पंजीकरण को अनुमति देने के आदेश दे दिए।

एकल न्यायाधीश की अदालत के आदेशों को चुनौती देते हुए मीरपेट निवासी पालुरी रविशंकर एवं एक अन्य ने अपील याचिका दायर की। इस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भूयान तथा न्यायाधीश जस्टिश एन. तुकारामजी की खंडपीठ ने सुनवाई की। सभी दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के आदेशों पर रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई 22 फरवरी होगी।

## पटाखों के गोदाम में लगी आग, 1 करोड़ के पटाखे स्वाहा

**पेद्दापल्ली, 12 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो)** पेद्दापल्ली के अपन्नापेट में पटाखों के गोदाम में भीषण आग लगने की वजह से लगभग 1 करोड़ रुपये के पटाखे जलकर खाक हो गये।

पेद्दापल्ली के एसीपी सारंग पाणी ने बताया कि कल देर रात गोदाम में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने के बाद पेद्दापल्ली, रामागुंडम, मंथानी के दमकल कर्मियों को सूचित किया गया। मदद के आने तक लगभग सारा गोदाम आग की चपेट में आ गया। आग लगने के बाद एसआरआर क्रैकर्स के मालिक ई. कृष्णामूर्ति ने बताया कि संक्रांति पर्व को देखते हुए बड़े पैमाने पर पटाखों का स्टॉक किया गया था। उन्होंने आग से करीब 1 करोड़ रुपयों के पटाखे जलने की जानकारी दी। अवसर पर एसआई प्रदीप, एसआई राजेश के अलावा अन्य उपस्थित थे।

**कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम द्वारा 2009 में स्थापित)
एस.एच.-10, आलंद रोड, कलबुरगी-585 367. फोन : (08477)-226722
वेबसाइट : www.cuk.ac.in, ईमेल : registrar@cuk.ac.in

**अधिसूचना सं. 30/2022**

विश्वविद्यालय सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति के आधार पर ग्रुप ए, बी और सी गैर–शिक्षण पदों की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.cuk.ac.in** देखें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23-01-2023 है और सभी संलग्नकों के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31-01-2023 शाम 5:00 बजे तक है और उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (सेवारत उम्मीदवारों के लिए) 08-02-2023 शाम 5:00 बजे तक है।

**स्थान : कलबुरगी**
**दिनांक : 20-12-2022**
कुलसचिव

**ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन** GHMC

**उद्धरण सूचना**

कार्यकारी अभियन्ता कार्यालय, हयातनगर सर्कल-3, एमआरओ ऑफिस के बाजू, सरूरनगर हैदराबाद, ई-मेल : **eec3.ghmc@gmail.com**

उद्धरण सूचना सं. ईई/एचवाईटीएनआर/एलबीएनजेड/8/2021-22/2, दिनांक : 11-01-2023

**क्रम सं. 1. मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि सहित साईज (18'x36') के टेन्ट की आपूर्ति, सुपुर्दगी एवं फिक्स करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 2 **मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि, सहित साइज (2'x4') के एम.एस. टेबल्स की आपूर्ति, सुपुर्दगी एवं फिक्स करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 3 **मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि, सहित साइज (2'x4') के एम.एस. टेबल्स पर सफेद कपड़े की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 4 **मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि, पूर्ण सहित साइज (9'x8') के साइड वाल्स की आपूर्ति, सुपुर्दगी एवं फिक्स करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 5 **मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि सहित हैण्ड्स के साथ नीलकमल फाइबर कुर्सियों की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 6 **मद का विवरण :** मजदूरी शुल्क एवं परिवहन इत्यादि, सहित 20 लीटर क्षमता के पानी के साथ वाटर बबल्स की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 7 **मद का विवरण :** प्लास्टिक बॉटल जार डिस्पेन्सर स्टैण्ड (9 लीटर) क्षमता की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी **मात्रा** 1, **यूनिट** : प्रत्येक, **क्रम सं.** 8 **मद का विवरण :** डिस्पोजल पेय जल ग्लासेस (100 नग) की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी, **मात्रा** 1, **यूनिट** : बंडल, **क्रम सं.** 9 **मद का विवरण :** फ्लैक्सिज की आपूर्ति, सुपुर्दगी एवं फिक्स करना, **मात्रा** 1, **यूनिट** : वर्ग फीट, **क्रम सं.** 10 **मद का विवरण :** (20 लीटर) क्षमता के प्लास्टिक बाल्टी की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी, **मात्रा** 1, यूनिट : प्रत्येक, **क्रम सं.** 11 **मद का विवरण :** प्लास्टिक मग की आपूर्ति एवं सुपुर्दगी, **मात्रा** : 1 **यूनिट** : प्रत्येक

**शर्तें** : 1. उद्धरण को 13-01-2023 को या उसके पूर्व अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त किया जाएगा और उसे कार्यकारी अभियन्ता कार्यालय, सर्कल-3, हयात नगर में अपराह्न 4.00 बजे खोला जाएगा, 2. कार्यकारी अभियन्ता, हयातनगर के पास तत्संबंधी बिना कोई कारण बताए उद्धरण को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**सम्बद्ध अधिकारी का पता :** श्री रमेश बाबु के, कार्यकारी अभियंता, हयात नगर सर्कल-3, जीएचएमसी, हैदराबाद।

(DIPR No. 11322-PP/CL/ADVT/1/2022-23) हस्ता/- **कार्यकारी अभियन्ता, हयातनगर सर्कल-3, जीएचएमसी**

**भारतीय मानक ब्यूरो**
मानकः पथप्रदर्शकः
**हैदराबाद शाखा कार्यालय**
**प्लॉट नं. 1, सर्वे नं. 367/1, औद्योगिक विकास पार्क, मौला अली, हैदराबाद-500040.**
**फोन : +919154843232, +919154843233, ई-मेल : hybo@bis.gov.in, वेब : www.bis.gov.in**

**अपील**

बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के हित में भारत सरकार द्वारा खिलौनों को अनिवार्य BIS उत्पाद प्रमाणन योजना के तहत लाया गया है। (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के अनुसार सभी खिलौनों की सुरक्षा के लिए, खिलौने, भारतीय मानकों के अनुरूप होने चाहिए और उन पर ( चिह्न ) होना चाहिए। बिना ( चिह्न ) वाले खिलौनों की बिक्री के लिए वितरण, बिक्री, भंडारण या प्रदर्शनी निषिद्ध है और उल्लंघन करने पर BIS अधिनियम, 2016 के तहत दंडात्मक प्रावधानों को आकर्षित किया जा सकता है, जिसमें 2 साल तक का कारावास और/या पांच लाख रुपये तक का जुर्माना शामिल है।

**खिलौने खरीदते समय कृपया निम्नलिखित BIS गुणवत्ता चिह्नों पर ध्यान दें :**

**IS 9873**
**CM/L-xxxxxxxxxx**
(नॉन इलेक्ट्रिक खिलौने)

**IS 15644**
**CM/L-xxxxxxxxxx**
(इलेक्ट्रिक खिलौने)

सामान्य जनता से अनुरोध किया जाता है कि, वे खुले बाजार या ई–कॉमर्स से बिना BIS मानक चिह्न ( चिह्न ) के खिलौने न खरीदें।

यदि किसी को बिना चिह्न वाले खिलौने मिलते हैं, तो कृपया BIS CARE APP द्वारा शिकायत दर्ज करें। BIS CARE APP को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

जारीकर्ता
**भारतीय मानक ब्यूरो**

**tanla**

**TANLA PLATFORMS LIMITED**
(FORMERLY KNOWN AS TANLA SOLUTIONS LIMITED)
**CIN:** L72200TG1995PLC021262
**Registered Office and Correspondence Address:** Tanla Technology Centre, Hitech City Road, Madhapur, Hyderabad, Telangana - 500 081
**Tel. No.:** +91 40 4009 9999 | **Fax No.:** +91 40 2312 2999 | **E-mail:** investorhelp@tanla.com | **Website:** www.tanla.com
**Contact Person:** Ms. Seshanuradha Chava, General Counsel and Company Secretary (Compliance Officer)

**POST-BUYBACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS / BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF TANLA PLATFORMS LIMITED (FORMERLY KNOWN AS TANLA SOLUTIONS LIMITED)**

This post-Buyback public announcement (**"Post-Buyback Public Announcement"**) is being made in accordance with Regulation 24(vi) and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Buy-Back of Securities) Regulations, 2018, for the time being in force including any statutory modifications and amendments from time to time (**"SEBI Buyback Regulations"**) regarding completion of the Buyback.

This Post-Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the public announcement dated October 12, 2022 (**"Public Announcement"**), the letter of offer December 8, 2022 along with form of acceptance cum acknowledgement and Share Transfer Form (Form SH-4) (**"Letter of Offer"**) and the offer opening advertisement dated December 14, 2022 (**"Offer Opening Announcement"**) issued in connection with the Buyback. Unless specifically defined herein, capitalised terms and abbreviations used herein shall have the same meaning as ascribed to them in the Public Announcement and the Letter of Offer.

**1. THE BUYBACK**

1.1. Tanla Platforms Limited had announced the buyback of not exceeding 14,16,666 fully paid-up equity shares of the Company having the face value of INR 1/- each (Indian Rupee One Only) (**"Equity Shares"**), representing 1.04% of the total number of Equity Shares in the existing total paid-up equity capital of the Company from all Equity Shareholders (Equity Shareholders as on the Record Date, being October 25, 2022) on a proportionate basis, through the 'Tender Offer' process, at a price of INR 1,200/- (Indian Rupees One Thousand Two Hundred Only) per Equity Share, payable in cash, for an aggregate maximum amount of INR 170,00,00,000/- (Indian Rupees One Hundred and Seventy Crores Only) excluding any expenses incurred or to be incurred for the buyback viz. brokerage, costs, fees, turnover charges, taxes such as buyback tax, securities transaction tax and goods and services tax (if any), stamp duty, advisors fees, filing fees, printing and dispatch expenses and other incidental and related expenses and charges (**"Transaction Costs"**) (such maximum amount hereinafter referred to as the **"Buyback Offer Size"**).

1.2. The Buyback Offer Size represents 24.91% and 12.89% of the total paid-up capital and free reserves based on the standalone and consolidated audited financial statements of the Company as on March 31, 2022, respectively.

1.3. The Company had adopted the Tender Offer route for the purpose of Buyback. The Buyback was implemented by the Company through the *"Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange"*, as provided under the SEBI Buyback Regulations and circular no. CIR/CFD/ POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 and circular no CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 09, 2016 and SEBI Circular no. SEBI/HO/CFD/DCR-III/CIR/P/2021/615 dated August 13, 2021, issued by the Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**). For the purposes of the Buyback, BSE Limited was the designated stock exchange.

1.4. The Buyback Opening Date was Tuesday, December 20, 2022 and the Buyback Closing Date was Monday, January 2, 2023.

**2. DETAILS OF THE BUYBACK**

2.1 The total number of Equity Shares bought back pursuant to the Buyback was 14,16,666 Equity Shares at a price of INR 1,200/- (Indian Rupees One Thousand Two Hundred Only) per Equity Share.

2.2 The total amount utilized in the Buyback is INR 170,00,00,000/- (Indian Rupees One Hundred and Seventy Crores Only), excluding Transaction Costs.

2.3 The Registrar to the Buyback i.e., KFin Technologies Limited (**"Registrar"**), considered a total of 66,656 valid bids for 1,62,65,032 Equity Shares in response to the Buyback, resulting in the tender of approximately 11.48 times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of the valid bids considered by the Registrar are as follows:

| Category | Number of Equity Shares reserved in the Buyback | Number of valid bids | Total Equity Shares validly Tendered | Response (%) |
|---|---|---|---|---|
| Reserved Category for Small Shareholders | 2,12,500 | 62,584 | 10,98,047 | 516.73 |
| General Category for all other Eligible Shareholders | 12,04,166 | 4,072 | 1,51,66,985 | 1259.54 |
| **Total** | **14,16,666** | **66,656** | **1,62,65,032** | **1148.12** |

2.4 All valid bids were considered for the purpose of Acceptance in accordance with the SEBI Buyback Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance/rejection has been dispatched by the Registrar, via email, to the relevant Eligible Shareholders (who have their email IDs registered with the Company or the depositories) on or around January 11, 2023.

2.5 The settlement of all valid bids was completed by Indian Clearing Corporation Limited (**"ICCL"**) on January 10, 2022. ICCL has made direct funds pay-out to Eligible Shareholders whose Equity Shares have been accepted under the Buyback. If bank account details of any Eligible Shareholders were not available or if the funds transfer instruction was rejected by the Reserve Bank of India/ relevant bank(s), due to any reason, then the amounts payable to the concerned Eligible Shareholder will be transferred to the Shareholder Broker for onward transfer to their respective Eligible shareholders.

2.6 The Demat Shares accepted under the Buyback will be / have been transferred to the Company's demat account. The unaccepted Demat Shares have been returned to respective Eligible Shareholder / Shareholder Brokers / custodians by ICCL on or around January 11, 2023. No Equity Shares held in physical form were validly tendered or accepted under the Buyback.

2.7 The extinguishment of 14,16,666 Equity Shares accepted under the Buyback is currently under process and shall be completed in accordance with the SEBI Buyback Regulations by January 18, 2023.

**3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN**

3.1 The capital structure of the Company before and after the completion of the Buyback is set forth below:

| Particulars | Pre-Buyback* | Post completion of the Buyback# |
|---|---|---|
| **Authorised share capital** | INR 20,00,00,000/- (20,00,00,000 Equity Shares of INR 1/- each) | INR 20,00,00,000 (20,00,00,000 Equity Shares of INR 1/- each) |
| **Issued, subscribed and paid up share capital** | INR 13,57,79,523/- (13,57,79,523 Equity Shares of INR 1/- each) | INR 13,43,62,857/- (13,43,62,857 Equity Shares of INR 1/- each) |

*As on the date of the Letter of Offer i.e. December 8, 2022
#Subject to extinguishment of 14,16,666 Equity Shares

4. Details of Eligible Shareholders from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares have been accepted under the Buyback are as under:

| Sr. No. | Name of Shareholder | Number of Equity Shares accepted under the Buyback | Equity Shares accepted as a % of total Equity Shares bought back | Equity Shares accepted as a % of total post Buyback equity capital of the Company# |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Deepak Satyaprakash Goyal | 2,76,444 | 19.51 | 0.21 |
| 2 | Jatindra Nath Kohli | 1,66,920 | 11.78 | 0.12 |
| 3 | Sidhant Sachdev | 68,245 | 4.82 | 0.05 |
| 4 | Mihir Gandhi | 48,994 | 3.46 | 0.04 |
| 5 | Ashish Kacholia | 32,819 | 2.32 | 0.02 |
| 6 | Government Pension Fund Global | 31,267 | 2.21 | 0.02 |
| 7 | Gautam Sabharwal | 21,946 | 1.55 | 0.02 |
| 8 | V S Sriram | 18,865 | 1.33 | 0.01 |

*#Subject to extinguishment of 14,16,666 Equity Shares.*

4.1 The shareholding pattern of the Company before and after completion of the Buyback is set out below:

| Category of Shareholder | Pre-Buyback* | | Post-Buyback# | |
|---|---|---|---|---|
| | No. of Equity Shares | % to the existing Equity Share capital | No. of Equity Shares | % to the post-Buyback Equity Share Capital |
| **(A) Promoter & Promoter Group** | 5,93,70,282 | 43.73% | 5,93,70,282 | 44.19% |
| **(B) Public** | 7,64,09,241 | 56.27% | 7,49,92,575 | 55.81% |
| **(C1) Shares underlying DRs** | - | - | | |
| **(C2) Shares held by Employee Trust** | - | - | | |
| **(C) Non-Promoter -Non-Public (C =C1+C2)** | - | - | | |
| **Grand Total (A+B+C)** | **13,57,79,523** | **100.00%** | **13,43,62,857** | **100.00%** |

**As on the date of the Letter of Offer i.e. December 8, 2022*
*#Subject to extinguishment of 14,16,666 Equity Shares.*

**5. MANAGER TO THE BUYBACK**

HDFC BANK
We understand your world
**HDFC Bank Limited**
Investment Banking Group, Unit No. 401 & 402, 4th Floor, Tower B, Peninsula Business Park, Lower Parel, Mumbai 400 013
**Tel No.:** +91 22 3395 8233; **Contact Person:** Dhruv Bhavsar; **Email:** tpl.buyback2022@hdfcbank.com; **Website:** www.hdfcbank.com
**Investor Grievance Email:** investor.redressal@hdfcbank.com; **SEBI Registration No.:** INM000011252
**Validity Period:** Permanent (unless suspended or cancelled by SEBI); **CIN:** L65920MH1994PLC080618

**6. DIRECTORS' RESPONSIBILITY**

As per Regulation 24(i)(a) of the SEBI Buyback Regulations, the Board of Directors accepts full responsibility for the information contained in this Post-Buyback Public Announcement, and confirms that the information included herein contains true, factual and material information and does not and will not contain any misleading information. This Post-Buyback Public Announcement is issued under the authority of the Board and in terms of the resolution passed by the Buyback Committee on January 11, 2023.

For and on behalf of the Board of Directors of
**Tanla Platforms Limited**

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| **Udaykumar Reddy Dasari** | **Rohit Bhasin** | **Seshanuradha Chava** |
| **Chairman and CEO** | **Director** | **Company Secretary** |
| **DIN: 00003382** | **DIN: 02478962** | **Membership No. – A15519** |

**Date:** January 11, 2023
**Place:** Hyderabad
CONCEPT